p>

Title: Request to construct a bridge on Jaliali River in Barpeta, Assam.

श्री अब्दुल खालेक (**बारपेटा**): माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं मिनिस्ट्री ऑफ डेवलपमेंट ऑफ नॉर्थ-ईस्ट रीजन और मिनिस्ट्री ऑफ रूरल डेवलपमेंट का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ ।

मेरे लोक सभा क्षेत्र में दो विधान सभा क्षेत्र- बाघबर और चेंगा हैं । दोनों विधान सभा क्षेत्रों में ब्रह्मपुत्र नदी और इसकी उपनदी जलजली ने इसके तीन भाग कर दिए हैं ।

महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से गुज़ारिश करूंगा कि कामरूप जिले में नगरबेरा और बारपेटा जिले में अलुपति के बीच जलजली नदी के ऊपर एक ब्रिज बनाने से विशाल कृषि एरिया पर बहुत-बहुत उपकार होगा, जिससे उस इलाके का विकास होगा ।

अध्यक्ष महोदय, इन्हीं शब्दों के साथ मैं आपको यह भी कहना चाहता हूं कि मुझ जैसे अहिन्दी भाषी लोगों को ज्यादा बोलने का मौका देने से हिन्दी का भी विकास होगा और क्षेत्र का भी विकास होगा । धन्यवाद ।